चलो बुलावा आया है बाबा ने बुलाया है

चलो बुलावा आया है बाबा ने बुलाया है

बाबा का बुलावा आ गया चल चलिए चल चलिए
किया श्याम ने कमाल दी है मुझको चिट्ठी डाल
अब मैं इससे ज़्यादा क्या कहूं
मुझे उसका संदेसा आ गया चल चलिए चल चलिए
बाबा का बुलावा आ गया................

है श्याम की महिमा निराली दर आता जो भी सवाली
जो इसकी महिमा गाये उसे जग से पार लगाए
मेरा दाता शक्तिमान है फिर चल चलिए चल चलिए
बाबा का बुलावा आ गया................

खाटू नगरी तुम जाना बाबा के दर्शन पाना
वहां कढ़ी कचौड़ी खाना मिलकर के मौज उड़ाना
भर देता वो भण्डार है तो चल चलिए चल चलिए
बाबा का बुलावा आ गया................

हर संकट आप मिटाये वो दीनानाथ कहाये
बिगड़ी उसकी बन जाए जो भी अरदास लगाए
इस जग में ऊँची शान है तो चल चलिए चल चलिए
बाबा का बुलावा आ गया................

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21052/title/chalo-bulawa-aya-hai-baba-ne-bulaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |